मेट्रो-3 पर स्वयंचलित किराया वसूली यंत्र

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने कुलाबा-बांद्रा-सिप्झ के बीच बन रहे मेट्रो 3 मार्ग के स्टेशनों पर स्वयंचलित किराया वसूली यंत्र स्थापित करने का काम कालिंदि- एसिस को सौंपा है. अंतर्राष्ट्रीय निविदा प्रक्रिया के माध्यम से एमएमआरसी ने मेट्रो 3 के सभी 27 स्टेशनों पर किराया वसूली के लिए आवश्यक यंत्र लगाने का ठेका एसिस इलेक्ट्रोनिक वी .ई.बिलिसिम सिस्टेमलरी ए.एस, तुर्की व कालिंदी रेल (टॅक्समॅको रेल व इंजिनियरिंग भारत लि विभाग) निर्माण समूह को दिया है.

■ एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने कहा कि स्वयंचलित किराया वसूली यंत्र मेट्रो 3 परियोजना का बेहद ही महत्वपूर्व अंग है. इस तकनीक के जरिए लोगों को उत्तम सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी. परियोजना का काम निर्धारित समय में पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है.

■ मुंबईकरों का सफर आरामदायक बनाने के लिए स्टेशनों पर इंटीग्रेटेड टिकटिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई गई है. कोलाबा से सिप्ज के बीच 33.5 किलोमीटर लंबा भूमिगत मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है. जिसका काम वर्ष 2020 तक पूर्ण हो जाएगा.